Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 08 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 71

## महत्वपूर्ण एवं खास

### फंदे से लटका मिला बाघ का शव, शिकार की आशंका

**पन्ना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक बाघ का शव एक पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिलने के बाद शिकार की आशंका जताई जा रही है। समझा जा रहा है कि बाघ का पैर फंदे में फंस गया, जिसके बाद वह पेड़ से लटक गया। शव से दुर्गंध आने के कारण इसके करीब दो से तीन दिन पुराने होने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार उत्तर वन मंडल के विक्रमपुर बीट में कल देर रात एक बाघ का शव पेड़ से लटका होने के बारे में सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद आज अधिकारी मौके पर पहुंचे। पन्ना से करीब 15 किलोमीटर दूर घने जंगल में हुई इस घटना में शिकार की आशंका जताई जा रही है। पन्ना टाइगर रिजर्व में करीब 70 से अधिक बाघ हैं। ये बाघ भी यहीं का बताया जा रहा है। मामले की जांच के लिए राजधानी भोपाल से भी अधिकारियों की टीम रवाना हो गई है।

### जम्मू-कश्मीर के जम्मू जिले में पुलिस चौकी के बाहर ग्रेनेड हमला

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर में ग्रेनेड हमले के बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। यह हमला बीती देर शाम जम्मू जिले के सिधरा इलाके में पुलिस चौकी के पास हुआ। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विस्फोट पुलिस भवन के बाहर हुआ। सूत्रों ने कहा, विस्फोट स्थल से ग्रेनेड का लीवर बरामद किया गया। विस्फोट के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। सूत्रों ने कहा कि घाटी के बडगाम जिले में 2018 में आतंकवादियों द्वारा इसी तरह के ग्रेनेड का इस्तेमाल किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

### जम्मू के बाहरी क्षेत्र में मिला मोर्टार गोला

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शहर के बाहरी क्षेत्र कन्हाचक इलाके में बुधवार को एक मोर्टार गोले को नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि गजनसू गांव के कुलदीप सिंह ने सूचित किया कि वह अपने खेत में काम कर रहा था तो इस दौरान उसे जंग लगा 82 एमएम मोर्टार शेल मिला। उन्होंने कहा कि बल के जवानों ने उसे सुबह जब्त कर नष्ट कर दिया।

### जम्मू पुलिस ने म्यांमार की दो किशोरियों को छुड़ाया

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू पुलिस ने म्यांमार की दो नाबालिग किशोरियों को मुक्त कराया है, जो कथित तौर पर मानव तस्करी की शिकार हुई थीं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कि दो किशोरियों को राज्य के बाहर से जम्मू ले जाया गया था। इस सूचना पर त्रिकुटा नगर थाने की एक टीम ने तेजी से कार्रवाई की और उन्हें बचा लिया। सूत्रों ने कहा, दोनों किशोरियों को दलाल के चंगुल से छुड़ा लिया गया है। दलाल फिलहाल फरार है। सूत्रों ने बताया कि दोनों किशोरियां म्यांमार की रहने वाली हैं। पुलिस ने कहा, किशोरियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद बयान दर्ज करने के लिए अदालत में पेश किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# ईडी ने केरल में की छापेमारी, 2.5 करोड़ रुपए का सोना जब्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने केरल में चार प्रमुख ज्वैलर्स के परिसरों पर तलाशी ली है और 2.51 करोड़ रुपये मूल्य का 5.058 किलोग्राम सोना जब्त किया है।

मालाबार ज्वैलरी, (मलप्पुरम), फाइन गोल्ड (मलप्पुरम), एटलस गोल्ड सुपर मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (कोझिकोड) और अबुबकर पाजेदथ (मलप्पुरम) के आवासीय परिसरों की जांच एजेंसी द्वारा तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान, परिसर में सोने के आभूषणों को छुपाने के लिए एक गुप्त कक्ष पाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 3.79 लाख रुपये नकद के साथ 2.51 करोड़ रुपये मूल्य के 5.058 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए।

ईडी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), कोच्चि द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 16, 17 और 18 के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर मामला दर्ज किया, जिसके परिणामस्वरूप तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क (निवारक) द्वारा 30.245 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया। इसे संयुक्त अरब अमीरात वाणिज्य दूतावास, तिरुवनंतपुरम के राजनयिक सामान के रूप में छिपाया गया था।

अभियुक्त सरित पीएस, स्वप्न प्रभा सुरेश और संदीप नायर को आर्थिक खुफिया एजेंसी ने 2020 में गिरफ्तार किया था।

तीनों के खिलाफ 2020 में अभियोजन पक्ष की शिकायत भी दर्ज की गई थी।

आगे की जांच से पता चला कि एम. शिवशंकर, आईएएस, केरल के मुख्यमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव भी सोने की तस्करी और अपराध की आय को बेदाग संपत्ति के रूप में पेश करने में अभियुक्तों की सहायता करने में शामिल थे।



इसलिए, शिवशंकर को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था और उन्हें अतिरिक्त आरोपी के रूप में पेश किया गया था।

शिवशंकर सहित अभियुक्तों के खिलाफ पूरक अभियोजन शिकायत 2020 में दायर की गई थी।

सीमा शुल्क द्वारा तस्करी किए गए सोने की जब्ती से संबंधित चल रही जांच के दौरान, यह पता चला कि 14.98 लाख रुपये सरिथ ने अपने चचेरे भाई अखिल एस. को सुरक्षित हिरासत में रखने के लिए सौंपे थे। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से यह भी पता चला कि मलप्पुरम का अबुबकर पझेदाथ शिवशंकर, आईएएस के संरक्षण में सरिथ, स्वप्ना और नायर के नेतृत्व वाले गोल्ड स्मगलिंग सिंडिकेट का हिस्सा है। पाझेदथ लाभार्थियों में से एक थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

### चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, 10 करोड़ की हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** चंडीगढ़ पुलिस को ड्रग मामले में एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस के डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल की टीम ने एक आरोपी को 10 करोड़ की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी जीरकपुर के ओएसिस ग्रीन निवासी अमित शर्मा के रूप में पहचान हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2.10 किलो हेरोइन बरामद की है। आरोपी को पुलिस ने चंडीगढ़ में राम दरबार कॉलोनी के टर्न के पास गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि होंडा सिटी कार में पोल्ट्री फॉर्म की तरफ से आ रहा था। पुलिस आरोपी का रिमांड लेकर आगामी पूछताछ करेगी। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल के मुताबिक यह आरोपी पिछले 6 महीने से उनकी रडार पर था। वहीं ड्रग की बड़ी कंसाइनमेंट्स वह खुद पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में पहुंचाता था। जिस ड्रग के साथ उसे पकड़ा गया है वह उसने चंडीगढ़ और खरड़ में सप्लाई करनी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शुरुआती पूछताछ में कहा कि वह अंबाला में वर्ष 2008-09 से दुकानों के ताले तोडऩे वाले गैंग से जुड़ा हुआ था। उसके खिलाफ डकैती और लूटपाट के लगभग 10 केस दर्ज हैं। आरोपी मध्य प्रदेश से यह ड्रग लाता था और बेचा करता था।

## बिहार महिला कांग्रेस प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अमिता भूषण ने दिया इस्तीफा



**पटना (आरएनएस)।** बिहार में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही पार्टी में आंतरिक कलह सामने दिखाई देने लगा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अमिता भूषण ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अमिता भूषण ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष को भेज दिया है।

कहा जा रहा है कि अमिता भूषण भी बिहार कांग्रेस अध्यक्ष की दावेदार थीं, लेकिन उनकी जगह किसी और को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से उन्होंने इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने इससे इंकार करते हुए कहा कि वे काफी लंबे समय से इस पद पर हैं और नए लोगों को मौका मिलना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने दो दिन पहले ही राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।

अमिता भूषण ने कहा कि मैं पहले ही अपने पद से इस्तीफा देना चाहती थी। इसको लेकर हमने महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार प्रभारी से बात की थी।

हालांकि, अमिता भूषण के इस्तीफे का कारण उनको प्रदेश का अध्यक्ष ना बनाया जाना ही माना जा रहा है। इस्तीफे के बाद बिहार की सियासत में इसको लेकर कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद कई लोग नाराज हैं।

कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह फिलहाल दिल्ली में हैं। कांग्रेस के नेताओं के मुताबिक वे 11 दिसंबर को पटना आएंगे और 12 दिसंबर को पदभार ग्रहण करेंगे।

## तमिलनाडु में तिरुचि-चेन्नई राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा, दो ट्रकों और मिनी ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की दर्दनाक मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तिरुचि-चेन्नई राजमार्ग के मधुरानथंगम में बुधवार तडक़े दो ट्रकों और एक मिनी ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार मृतकों में 70 वर्षीय चंद्रशेखर, 27 वर्षीय दामोथरन, 34 वर्षी शशिकुमार, 55 वर्षीय शेखर, 65 वर्षीय एजुमामियल और 30 वर्षीय गोकुल शामिल हैं।

दुर्घटना बुधवार को सुबह करीब 4 बजे हुई जब वे तिरुवन्नामलाई में कार्तिगई डेप्पम उत्सव में भाग लेने के बाद चेन्नई लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब मिनी ट्रक आगे चल रहे ट्रक में जा घुसा और पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने मिनी ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इसकी वजह से मिनी ट्रक में सवार



छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इससे पहले तमिलनाडु के तिरुपुर जिले के सोमवार तडक़े हुए एक सडक़ हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकी एक अन्य ने अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया था। कांगेयम के पास कंटेनर के अनियंत्रित होने के बाद यह हादसा हुआ। कंटेनर और कार के बीच आमने-सामने की हुई टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### फूड वैन में आग लगी, दो ने कूदकर जान बचाई

**शहडोल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में एक फूड वैन में आग लगने से उसमें सवार दो लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कोतवाली पुलिस के अनुसार शाम के समय चाट, डोसा बेचकर कल देर रात घर वापस जा रहे फूड वैन के मालिक श्यामलाल को कल्याणपुर के पास गाड़ी के अन्दर धुआं जैसा महसूस हुआ। उसने फौरन वैन रोककर पता करने का प्रयास किया। इसी बीच उसके नीचे उतरते ही इंजन में आग लग गई। श्यामलाल ने तुरन्त अपने सहायक विजय को भी आवाज देकर गाड़ी से उतारा। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, किन्तु उनके पहुँचने के पहले ही वैन जलकर राख हो गई।

## धनखड़ ने राज्यसभा में एनजेएसी अधिनियम को रद्द किए जाने का उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सदन में अपने पहले भाषण में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एनजेएसी अधिनियम को रद्द किए जाने का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा, संसदीय संप्रभुता के गंभीर समझौते और लोगों के जनादेश की अवहेलना का एक स्पष्ट उदाहरण है।



उन्होंने कहा कि सदन की शक्ति सर्वोच्च है और संशोधन करने के लिए इस संवैधानिक शक्ति का उपयोग करते हुए, संसद ने लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए संपूर्ण संरचनात्मक शासन परिवर्तन को प्रभावित किया।

उन्होंने कहा कि यह पंचायती राज, नगर पालिकाओं और सहकारी समितियों के लिए एक व्यापक तंत्र प्रदान करने वाले संविधान में भाग 9, 9 (ए) और 9 (बी) को शामिल करने के माध्यम से किया गया है। इसी तरह, संसद ने एक बहुत ही आवश्यक ऐतिहासिक कदम में, राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला 99वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया।

इस ऐतिहासिक संसदीय जनादेश को सुप्रीम कोर्ट ने 16 अक्टूबर, 2015 को 4:1 के बहुमत से यह कहते हुए रद्द कर दिया था, कि यह संविधान के मूल ढांचे के न्यायिक रूप से विकसित सिद्धांत के अनुरूप नहीं है।

लोकतांत्रिक इतिहास में इस तरह के विकास के लिए कोई समानांतर नहीं है जहां एक विधिवत वैध संवैधानिक नुस्खे को न्यायिक रूप से पूर्ववत कर दिया गया है। संसदीय संप्रभुता के गंभीर समझौते और लोगों के जनादेश की अवहेलना का एक स्पष्ट उदाहरण है, जिसके संरक्षक यह सदन और लोकसभा हैं।

उन्होंने कहा, वर्तमान में, संसद प्रामाणिकता के साथ लोगों के जनादेश और आकांक्षाओं को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संसदीय प्रथा या विकल्प के रूप में कार्यवाही में बाधा और व्यवधान लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। इस मामले में समसामयिक परिश्य चिंता का विषय है और संविधान सभा में निर्धारित उच्च मानकों का पालन करना हमारे लिए अनिवार्य बनाता है।

## खेलते समय बोरवेल में गिरा 5 साल का मासूम, 60 फीट नीचे फंसा; रेस्क्यू जारी

**बैतूल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में खेलते समय बोरवेल में एक 5 साल का बच्चा गिर गया है, जिसका नाम तन्मय है। वह 400 फीट गहरे गड्ढे में लगभग 60 फीट की गहराई पर फंसा हुआ है। उसे सुरक्षित निकालने के लिए एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू कर दिया है।



जिले के आठनेर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मांडवी में एक सप्ताह पूर्व सुनील दियावार ने बोरवेल के लिए गड्ढा कराया था, जिसमें बीती शाम पांच बजे उनका बेटा तन्मय गिर गया। बोरवेल में तन्मय के गिरने की खबर तत्काल सुनील दियावार ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सहित एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

बच्चे के रेक्स्यू ऑपरेशन के लिए भोपाल और होशंगाबाद से एसडीईआरएफ की टीमें बुलाई गई हैं। बच्चे को ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। तन्मय के रेस्क्यू ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार नजर बनाए हुए हैं। बच्चे को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालने की हर संभव कोशिश की जा रही है।

## बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान से भारी बारिश का अनुमान

**विशाखापत्तनम (आरएनएस)।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरे दबाव के क्षेत्र के बुधवार शाम तक चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दक्षिण-पूर्व और बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी से सटे हुए दबाव एक गहरे दबाव में बदल गया और कराईकल से लगभग 770 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व और चेन्नई से लगभग 830 किमी दक्षिण-पूर्व में 05.30 घंटे पर केंद्रित हो गया।



गहरे दबाव के क्षेत्र के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढऩे और 7 दिसंबर की शाम के आसपास एक चक्रवाती तूफान में धीरे-धीरे तेज होने और 8 दिसंबर की सुबह तक उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी और आसपास के दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों से बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी तक पहुंचने की संभावना है।

आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा, यह अगले 48 घंटों के दौरान पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी और इससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर बढऩा जारी रखेगा।

आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार को कहा कि अगले तीन दिनों में प्रकाशम, एसपीएसआर नेल्लोर और तिरुपति जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

8 दिसंबर से तट के साथ 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि प्रभावित होने वाले जिलों को अलर्ट कर दिया गया है।

आईएमडी ने मछुआरों को दक्षिण आंध्र तट-तमिलनाडु तटों पर शनिवार तक मछली पकडऩे नहीं जाने की चेतावनी दी है। किसानों को कृषि कार्य में भी सावधानी बरतने को कहा गया है।

## लगातार दूसरे दिन महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा पर बस सेवाएं निलंबित

**मुंबई (आरएनएस)।** सीमावर्ती जिलों में अशांति के मद्देनजर दूसरे दिन भी महाराष्ट्र से कर्नाटक के लिए हजारों राज्य परिवहन और निजी बसें और माल ट्रक सेवाएं निलंबित रहीं। इससे विभिन्न कारणों से दोनों राज्यों के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्री बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, इसके अलावा वाणिज्यिक सामान, खाद्य पदार्थ आदि सहित सभी प्रकार की सामग्रियों के परिवहन और आपूर्ति को महाराष्ट्र से कर्नाटक और कर्नाटक से महाराष्ट्र तक रोक दिया गया है।



महाराष्ट्र राज्य सडक़ परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार से यहां से कर्नाटक के लिए करीब 750 एसटी बस सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई हैं।

बॉम्बे गुड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कमेटी के सदस्य दीपक वर्मा ने कहा कि लगभग 2,500 ट्रक महाराष्ट्र से कर्नाटक में खराब होने वाले खाद्य पदार्थो सहित सभी प्रकार की सामग्रियों को ले जाते हैं, जो रास्ते में विभिन्न बिंदुओं पर फंसे हुए हैं।

वर्मा ने कहा कि इनमें राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे अन्य राज्यों के माल ट्रक शामिल हैं जो महाराष्ट्र सीमा मार्गो के माध्यम से कर्नाटक में सामान लाते हैं।

इसके अलावा लगभग 1,000 निजी बसें, मिनी वैन, टेम्पो या अन्य छोटे परिवहन वाहन हैं जो पिछले 24 घंटों में सीमा के दोनों ओर फंसे हुए हैं, हालांकि कर्नाटक से महाराष्ट्र जाने वाले वाहनों की संख्या उपलब्ध नहीं है। कर्नाटक रक्षण वेदिके के कुछ कथित कार्यकर्ताओं द्वारा बेलगावी (बेलगाम) सीमा से राज्य में प्रवेश करने वाली कई बसों और ट्रकों पर हमला करने के बाद मंगलवार को स्थिति अचानक से भडक़ गई।

इसने महाराष्ट्र में कर्नाटक के वाहनों के खिलाफ प्रतिशोध की चिंगारी भडक़ाई और एक बड़े पैमाने पर राजनीतिक हंगामे का रूप ले लिया। मामला अब केंद्र के पाले में है।